जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

अपील सूचना का अधिकार सं0 160/2016 अनवानी श्री राधेश्याम गोयल पुत्र श्री भगवानदास गोयल जाति अग्रवाल निवासी 23–के ब्लॉक, श्रीगंगानगर बनाम लोक सूचना अधिकारी, जिला कलक्टर कार्यालय, श्रीगंगानगर

24–04–2017

अपीलार्थी श्री राधेश्याम गोयल उपस्थित है। लोक सूचना अधिकारी के प्रतिनिधि उपस्थित नही है। अपीलार्थी को सुना गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि उसके द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन पत्र सं0 6232 दिनांक 04.07.2016 के द्वारा कुल 11 बिन्दुओ की सूचना लोक सूचना अधिकारी, जिला कलक्टर कार्यालय से चाही थी। लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध न करवाये जाने के कारण यह अपील आपके समक्ष प्रस्तुत की गयी है। अब वह इस अपील को आगे नही चलाना चाहता है अर्थात नॉट प्रेस करता है। यदि इस अपील को इसी आधार पर खारिज किया जाता है तो उसे कोई आपत्ति नही है।

चूंकि अपीलार्थी अपनी अपील पर आगे कोई कार्यवाही नही चाहता है अर्थात नॉट प्रेस करता है। अतः इसी आधार पर अपीलार्थी की अपील खारिज की जाती है। आदेश की प्रति अपीलार्थी व लोक सूचना अधिकारी को भिजवाई जावे। पत्रावली बाद तरतीब तकमील दाखिल दफतर हो।

आदेश आज दिनांक 24.04.2017 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(ज्ञाना राम)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official